अजमेर दरगाह वाद मामले के परिवादी विष्णु गुप्ता पर बदमाशों ने फायरिंग की

किसी तरह अपनी जान बचाते हुए विष्णु गुप्ता और ड्राइवर ने गाड़ी की रफ्तार दोगुनी कर ली और अपनी जान बचाई

पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा ने मौके पर जाकर जांच की।

- हिंदू सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विष्णु गुप्ता अपने ड्राइवर के साथ दिल्ली जा रहे थे, बाइक सवार दो बदमाशों ने फायरिंग की और फरार हो गए
- गोलीबारी की वारदात अजमेर-दिल्ली हाईवे पर गगवाना के निकट लाडपुरा पुलिया के पास हुई, पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे, एफएसएल टीम ने साक्ष्य जुटाए
- दरगाह वाद प्रकरण में याचिका दायर करने के बाद से विष्णु गुप्ता को लगातार धमकियां मिल रही थी, इसी के चलते पुलिस ने एक पीएसओ तैनात किया था

अजमेर, (कासं)। ख्वाजा साहब की दरगाह में मंदिर होने के दावे के प्रकरण में परिवादी और हिंदू सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विष्णु गुप्ता पर शनिवार सुबह अज्ञात बदमाशों ने गोलीबारी की और फरार हो गए। यह वारदात अजमेर-दिल्ली हाईवे पर गगवाना के निकट लाडपुरा पुलिया के पास हुई। गुप्ता अपने ड्राइवर के साथ दिल्ली जा रहे थे, तभी बाइक सवार दो बदमाशों ने उनका पीछा करते हुए फायरिंग की घटना को अंजाम दिया और मौके बदमाश फरार हो गए।

परिवादी विष्णु गुप्ता ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि कार से दिल्ली जा रहे थे, तभी गगवाना के निकट लाडपुरा पुलिस के पास शनिवार सुबह करीब छह बजे उनकी कार पर अज्ञात बदमाशों ने पहली गोली चलाई गई, जिसके बाद ड्राइवर ने कार की गति तेज कर दी। थोड़ी ही देर बाद बदमाशों ने दूसरी गोली चलाई, जो कार के नीचले हिस्से में लगी। किसी तरह अपनी जान बचाते हुए गुप्ता और उनके ड्राइवर ने गाड़ी की रफ्तार दोगुनी कर ली, जिसके बाद हमलावर फरार हो गए। गुप्ता ने तुरंत पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद गेगल थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा और जिले के अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। घटनास्थल को सील कर एफएसएल टीम ने जांच शुरू कर दी। कार पर गोली लगने के निशान मिले हैं और साक्ष्य एकत्रित किए जा रहे हैं। पुलिस ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि बदमाशों की पहचान हो सके।

दरगाह वाद प्रकरण में याचिका दायर करने के बाद से विष्णु गुप्ता को लगातार धमकियां मिल रही थीं। इसी के चलते पुलिस ने उनके लिए एक पीएसओ तैनात किया था। हालांकि घटना के समय सुरक्षा गार्ड उनके साथ मौजूद नहीं था। पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा ने बताया कि एफएसएल टीम ने गाड़ी की जांच कर गोलीबारी के साक्ष्य जुटाए हैं। साथ ही राष्ट्रीय राजमार्ग और आस-पास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि हमलावर कौन थे और वे किस उद्देश्य से फायरिंग कर रहे थे।

गुप्ता ने कहा मैं डरने वाली नहीं... :- बदमाशों द्वारा फायरिंग की घटना के बाद विष्णु गुप्ता ने अपनी सुरक्षा को लेकर चिंता जाहिर की है साथ ही उन्होंने कहा कि उन्हें पहले भी धमकियां मिल चुकी हैं, लेकिन वे इस तरह के हमलों से डरेंगे नहीं। वहीं हमले ने उनकी सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए हैं। यहां उल्लेखनीय है कि यह पहली बार नहीं है, जब विष्णु गुप्ता को निशाना बनाया गया हो। करीब तीन महीने पहले उन्होंने अजमेर के क्रिश्चियनगंज थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि उन्हें धमकी भरे फोन कॉल्स आ रहे हैं। कॉलर ने उनसे दरगाह में हिंदू मंदिर होने के मामले को वापस लेने की धमकी दी थी और जान से मारने की बात कही थी। इसके अलावा कॉल पर गाली-गलौच और अपमानजनक भाषा का उपयोग किया गया था।

डिस्कॉम का तकनीशियन दस हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

आरोपी तकनीशियन ने परिवादी को जुर्माने का भय दिखाकर रिश्वत मांगी थी



आरोपी तकनीशियन

जोधपुर, (कासं)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने जोधपुर के केतूकला में विद्युत विभाग के तकनीशियन प्रथम (लाइनमैन) को दस हजार रूपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा है। आरोपी ने परिवादी को जुर्माने का भय दिखाकर रिश्वत मांगी थी। सत्यापन के बाद शनिवार को उसे गिरफ्तार किया।

ब्यूरो मुख्यालय के निर्देश पर एसीबी की जोधपुर ग्रामीण इकाई द्वारा शनिवार को कार्रवाई करते हुए आरोपी तकनीशियन प्रथम (लाइनमैन) केतुकला कार्यालय सहायक अभियन्ता विद्युत विभाग सेखाला डिस्कॉम के खेमचंद को पकड़ा है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरडा ने बताया कि एसीबी जोधपुर ग्रामीण इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि उसके बिजली कनेक्शन पर केतूकला के विद्युत विभाग के तकनीशियन प्रथम (लाइनमैन) खेमचन्द द्वारा एक लाख रूपए की शीट फाड़ने का भय दिखाकर 15 हजार रूपए की रिश्वत मांग कर परेशान किया जा रहा है।

ब्यूरो के डीआईजी हरेन्द्र महावर के सुपरविजन में एसीबी जोधपुर ग्रामीण इकाई के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पारस सोनी के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर आज उनके द्वारा मय टीम के ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी खेमचन्द तकनीशियन प्रथम (लाइनमेन) केतुकला कार्यालय सहायक अभियन्ता विद्युत विभाग सेखाला डिस्कॉम जोधपुर को परिवादी से 10 हजार रूपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी खेमचन्द लाइनमैन द्वारा शिकायत के सत्यापन के समय भी परिवादी से 3 हजार रूपए रिश्वत के रूप में वसूल कर लिए थे। आरोपी से पूछताछ जारी है।

कोचिंग छात्र के अपहरण का खुलासा, दो गिरफ्तार

- पुलिस ने घटना में प्रयुक्त कार को भी जप्त किया
- दिल्ली का रहने वाला छात्र नीट की कोचिंग कर रहा था

कोटा, (निसं)। विज्ञान नगर इलाके में दिल्ली निवासी नीट की कोचिंग कर रहे छात्र का अपहरण कर फिरौती मांगने का मामला सामने आने पर पुलिस टीम ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त कार भी जप्त की है।

शहर पुलिस अधीक्षक डॉ.अमृता दुहन ने बताया कि नीट की तैयारी कर रहे कोचिंग छात्र ने 24 जनवरी को विज्ञान नगर थाने में रिपोर्ट दी। रिपोर्ट में कहा कि 21 जनवरी शाम को कुछ लड़के काले रंग की स्कार्पियो कार में लेकर आये और दो घंटे तक कार में उसे इधर से उधर घुमाने के बाद धमकी देते हुए होस्टल पर छोड़ गये। शहर एसपी ने कहा कि मामला सामने आने के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये पुलिस उपअधीक्षक लोकेन्द्र पालीवाल के निर्देशन में विज्ञान नगर थानाधिकारी मुकेश मीणा के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने मामले में गंभीरता दिखाते हुए घटनास्थल का निरीक्षण किया एवं सीसीटीवी फुटैज खंगाले। शहर एसपी ने बताया कि टीम ने तकनीकी सहायता एवं मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए मोहित मिश्रा उर्फ रोहित एवं अरूपराज रजक उर्फ अरूण को डिटेन किया।

विज्ञान नगर थानाधिकारी मुकेश मीणा ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि उनके बीच रूपयों के लेन-देन का विवाद है, वह उसको समझाने के लिये लेकर गये थे। थानाधिकारी ने बताया कि मामले में सामने आया कि फरियादी छात्र के एक दोस्त ने अंशुल गुर्जर को 20 हजार रूपये उधार दिये थे। अंशुल गुर्जर के पास लौटाने के रूपये नहीं थे तो फरियादी छात्र के दोस्त ने अंशुल गुर्जर के पिता को फोन करने की बात कही। इस बात से नाराज होकर अंशुल गुर्जर, मोहित, अरूपराज व अन्य ने फरियादी छात्र को स्कॉर्पियो गाड़ी में बैठाकर ले गये थे और उससे हर माह 5000 रूपये की फिरौती मांगने की बात भी सामने आयी है। थानाधिकारी ने बताया कि मामले में मोहित मिश्रा उर्फ ऑक्सीजन उर्फ रोहित (22) एवं अरूपराज रजक उर्फ अरूण (20) को गिरफ्तार कर लिया है। प्रकरण में अन्यों आरोपियों की तलाश जारी है।

फरियादी छात्र की मां ने बताया कि छह माह पहले उसका बेटा नीट की तैयारी के लिए कोटा आया है। हॉस्टल से फोन गया कि वे दो दिन से कमरे के बाहर नहीं निकला है। उन्होंने फोन पर अपने बेटे से संपर्क किया लेकिन उसके बेटे ने फोन नहीं उठाया जिसके बाद वो दिल्ली से कोटा पहुंची तब जाकर उन्हें पूरी घटना का पता चला और इसकी जानकारी पुलिस को दी।

नकली नोटों से ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश, दो आरोपी गिरफ्तार

हनुमानगढ़, (निसं)। जंक्शन सिटी पुलिस ने नकली नोटों से ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश कर दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से 10 लाख 75 हजार रुपए के नकली नोट बरामद हुए हैं। आरोपी भोले-भाले लोगों को नोट दोगुना करने का झांसा देकर असली नोटों के बदले नकली नोट देकर फरार हो जाते थे। पुलिस फिलहाल दोनों आरोपियों का रिमांड मंजूर करवा कर पूछताछ में जुटी हुई है।

एसीपी अरशद अली ने बताया कि उन्हें जानकारी मिली कि हनुमानगढ़ में एक ठगी का गिरोह सक्रिय है, जो लोगों को नोट दुगना करने का झांसा देकर ठगी करता है। इस सूचना पर एसपी ने जिला विशेष टीम के माध्यम से गिरोह की गतिविधियों पर नजर रखने के आदेश दिए। पुलिस टीम ने लगातार सूचनाओं का संकलन कर गुरजंट सिंह उर्फ बिटटू और लखवीर सिंह उर्फ लखा को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों से 10 लाख 75 हजार रुपये के नकली नोट (चिल्ड्रन बैंक) और 2200 रुपए की असली भारतीय मुद्रा बरामद की गई। आरोपियों के खिलाफ पुलिस थाना हनुमानगढ़ जंक्शन में मामला दर्ज कर लिया गया है। विशेष रूप से यह भी पता चला है कि इन आरोपियों के खिलाफ पहले भी ठगी के कई मामले दर्ज हैं।

आरोपी लोगों से संपर्क कर उन्हें नोट दुगना करने का झांसा देते थे। वे वीडियो के जरिए नकली नोटों की गडियां दिखाकर विश्वास जीतते थे। शुरुआत में वे कस्टमर को एक असली नोट सैम्पल के रूप में दिखाते थे, ताकि ग्राहक को यह विश्वास हो जाए कि वह नोट असली है। बाद में जब ग्राहक उनसे मिलने के लिए आता था, तो आरोपी नकली नोटों की गड्डियां बनाकर उनके साथ ठगी करते थे, असली नोट के ऊपर-नीचे नकली नोट लगा कर उन्हें धोखा देते थे। मामले में पकड़े गए आरोपियों की पहचान गुरजंट सिंह उर्फ बिटटू उर्फ जन्टा (28) पुत्र कश्मीर सिंह रायसिख, निवासी फतेहपुर थाना संगरिया, हनुमानगढ़ और लखवीर सिंह उर्फ लखविन्द्र सिंह उर्फ लखा (27) पुत्र जगराज सिंह मजबीसिख, निवासी चक ज्वालासिंह वाला, हनुमानगढ़ के रूप में हुई। इस पूरे ऑपरेशन में जिला विशेष टीम (डीएसटी) हनुमानगढ़ की अहम भूमिका रही है, जिनकी सूझबूझ और मेहनत से यह सफलता मिली। सीओ सिटी मीनाक्षी और जंक्शन सिटी थानाधिकारी के नेतृत्व में गठित टीम ने कार्रवाई को अंजाम दिया।

जमीन के लिए बुजुर्ग महिला को जलाने का प्रयास

हनुमानगढ़, (निसं)। टिब्बी पुलिस थाने में बुजुर्ग महिला ने बेटे-बहू के खिलाफ घर में घुसकर जेवरात व नकदी चुराने और जमीन अपने नाम करवाने के लिए जलाकर मारने का प्रयास करने का मामला दर्ज कराया है।

टिब्बी थाने के एएसआई देवीलाल ने बताया कि निर्मला (65) पत्नी भूपसिंह बिश्नोई निवासी राधा स्वामी डेरे के पास, टिब्बी ने इस्तगासे के जरिए मुकदमा दर्ज कराया है। रिपोर्ट में बताया कि वह रिहायशी मकान में अपने पुत्र सुरेश कुमार के साथ रहती है। उसके नाम से चक नम्बर 14 जीजीआर में 25 बीघा भूमि है। उसके दो पुत्र सुरेश कुमार व पवन कुमार व दो पुत्रियां हैं। उसने अपने पुत्रों को नोहर तहसील की 20 बीघा जमीन बंटवारे में देकर उनके नाम से दर्ज करवा दी थी, जबकि उक्त 25 बीघा भूमि उसके खुद के कब्जा काश्त में है। उसका पुत्र पवन कुमार व पुत्रवधू रवीना उर्फ रेणु निवासी चक 14 जीजीआर तहसील टिब्बी उसे परेशान करते हैं। आए दिन लड़ाई-झगड़ा व मारपीट करते हैं। पवन कुमार व रवीना ने उसकी भूमि अपने नाम करवाने के लिए एक बार उसे जलाकर मारने का प्रयास भी किया। वह पुत्र व पुत्रवधू से डरकर अपने मकान को ताला लगाकर अपने दूसरे पुत्र सुरेश सहित पुत्री के पास जयपुर चली गई। जब वे 16 जनवरी को जयपुर से वापस घर आकर देखा कि घर के गेट पर लगा ताला टूटा हुआ था। उसके घर में पवन कुमार व पुत्रवधू रवीना उर्फ रेणु किसी समय मकान का ताला तोड़कर जबरदस्ती उसके मकान में घुस गए। उन्होंने सन्दूक में रखे 10 तोला सोने के आभूषण व दो लाख रुपए की नकदी चोरी कर ली।

सरकारी स्कूलों को पांच हजार प्रिंसिपल मिलेंगे

बीकानेर, (निसं)। सरकारी स्कूलों में काम कर रहे पांच हज़ार टीचर्स को प्रिंसिपल की पोस्ट पर प्रमोट किया गया है। अब इन टीचर्स को अन्य स्कूल की जिम्मेदारी दी जाएगी, लेकिन फिलहाल पुराने पद पर काम करते रहेंगे।

राजस्थान शिक्षा (राज्य एवं अधीनस्थ) सेवा नियम-2021 के नियम 31 (ख) के प्रावधानों के अनुसार प्राचार्य एवं समकक्ष पदों पर पदोन्नति के लिए गठित विभागीय पदोन्नति समिति की 17 जनवरी को आयोजित बैठक में की गई अनुशंषा के अनुसार उपप्राचार्य पद के 5005 अभ्यर्थियों का प्राचार्य एवं समकक्ष पद डीपीसी वर्ष 2023-24 के लिए उपलब्ध रिक्ति के प्रति वरिष्ठता-सह-योग्यता के आधार पर चयन किया गया है। माध्यमिक शिक्षा निदेशक आशीष मोदी ने शुक्रवार को विभागीय पदोन्नति समिति द्वारा चयनित 5005 कार्मिकों को आगामी आदेशों तक अपने वर्तमान पद को अस्थाई रूप से यथा आवश्यकता अनुसार क्रमोन्नत मानते हुए अपने नाम के सम्मुख अंकित तिथि को अथवा इसके पश्चात कार्यग्रहण कर यथावत कार्यरत रहने के निर्देश दिए हैं। साथ ही कार्यग्रहण रिपोर्ट अविलम्ब विभाग को सूचित करने के लिए निर्देशित किया है। समस्त कार्मिकों को आदेश जारी होने से आगामी 15 दिवस तक पदोन्नति पर कार्यग्रहण किया जाना अनिवार्य होगा, अन्यथा स्वत: पदोन्नति परित्याग माना जाएगा और पदोन्नति परित्याग संबंधी आदेश जारी करने की कार्यवाही के लिए विभाग स्वतंत्र रहेगा।

असम राइफल्स में वारंट ऑफिसर की नौकरी लगाने के नाम पर दस लाख की ठगी

पिता-पुत्र ने मिलीभगत कर फर्जी कॉल लेटर जारी करवाया, अब धोखाधड़ी में केस दर्ज

जोधपुर, (कासं)। शहर के निकटवर्ती रममान का हत्था एकता नगर में रहने वाले युवक को उसके भाई की असम राइफल्स में वारंट ऑफिसर पद पर नौकरी लगाने के नाम पर बाप-बेटे ने दस लाख की ठगी कर ली। ना तो दोनों ने नौकरी दिलवाई और ना ही रकम लौटा रहे हैं। बाप-बेटे ने मिलीभगत कर फर्जी कॉल लेटर भी जारी करवाया। पीड़ित ने अब मंडोर थाने में कोर्ट में इस्तगासा दायर कर फर्जीवाड़े का केस दर्ज कराया है। पुलिस ने अग्रिम पड़ताल आरंभ की है।

मामले में मेघवालों का बास गढ़सूरिया बोरूंदा हाल एकता नगर रमजान का हत्था बनाड़ निवासी अर्जुनराम मेघवाल ने रिपोर्ट दी है। इसमें बताया कि पीपाड़ शहर के जालका निवासी जबराराम और उसके पुत्र रामकिशोर ने मिलकर उसके साथ दस लाख की ठगी कर ली। रिपोर्ट के अनुसार परिवादी के पास में 17 मई 23 को रामकिशोर और उसके पिता जबराराम का कॉल आया था। तब उन्होंने परिवादी के भाई दिलीप परिहार को असम राइफल्स टेक्निकल एंड ट्रेडसमैन रिक्रूटमेंट रैली में वारंट ऑफिसर के पद पर गारण्टी से नौकरी लगाने का विश्वास दिलाया और कहा कि हम तेरे भाई को नौकरी लगा देंगे। नौकरी के एवज में करीबन 10 लाख रूपये की मांग की। रामकिशोर चौपड़ा के परिचित व मित्र होने के कारण परिवादी ने रामकिशोर व उसके पिता जबराराम पर विश्वास व भरोसा करते हुए ऑनलाइन फोन पे के जरिये अलग-अलग 21 मई 2024 से अलग-अलग तारीखों तक करीबन 7 लाख रूपये मोबाईल पर अदा कर दिए।

आरोपियों ने 6 फरवरी 2024 को 3 लाख पहले ही रोकड़ ले लिए थे। इसके कुछ समय बाद प्रार्थी द्वारा रामकिशोर व उसके पिता जबराराम को फोन किया गया जिस पर उनके द्वारा कहा गया कि कुछ दिन तक रुकों तुम्हारे भाई की नौकरी के लिए आगे बात कर ली है और उन्हें रूपयें भी भेज दिए है। आपके भाई की नौकरी का कॉल लेटर व ई-मेल के जरिये सूचना आ जायेगी। उसके बाद प्रार्थी कुछ दिन तक रूका। तब 22 नवंबर 2023 व 5 जुलाई 2024 को प्रोविजिनल अपॉइंटमेंट लेटर का कॉल लेटर आया।

तब परिवादी को 22 नवम्बर 2023 व 5 जुलाई 2024 को प्राप्त कॉल लेटर की सत्यता जानने के लिए विभाग जाने से पूर्व रोक लिया गया। बाद में रामकिशोर चौपड़ा का कॉल व मैसेज आया और कहा कि असम राइफल्स टेक्निकल एंड ट्रेडसमैन रिक्रूटमेंट रैली वारंट ऑफिसर के पद की भर्ती रद्द कर दी गई और रामकिशोर ने यह भी कहा कि अनेक अभ्यर्थियों के फर्जी कॉल-लेटर जारी कर दिए हैं, इसलिए भर्ती रद्द कर दी गई है। बाद में जब उनसे रूपए वापिस मांगे तो वे टालमटोल जवाब देने के साथ नौकरी लगवाने का आश्वासन देते रहे। आखिरकार में रूपए लौटाने से इंकार कर धमकाया और कहा कि उनके द्वारा ही फर्जी कॉल लेटर जारी करवाया गया था।

वध के लिए ले जाते दो ऊंट जब्त

जुरहरा, (निसं)। शनिवार को जुरहरा थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना के आधार पर ग्राम कुकरपुरी के जंगल में वध के प्रयोजन से राजस्थान सीमा से हरियाणा सीमा की तरफ ले जा रहे दो ऊंटों को जब्त कर कब्जे में लिया। पुलिस टीम ने जमील पुत्र नूर मौहम्मद, हसन पुत्र इलियास, तालिम पुत्र इलियास, शाहिद पुत्र जमील निवासी ग्राम लुहिंगा कला थाना पुन्हाना हरियाणा का काफी पीछा किया, लेकिन दूरी अधिक होने, कच्चे रास्ता, खड़ी फसल एवं हरियाणा सीमा की भौगोलिक स्थिति का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे।

VARDHMAN MAHAVEER OPEN UNIVERSITY, KOTA
(Rawathbhata Road, Kota -324021 (Comptroller Office))
No. : F2/VMOU/Purchase & Store/2024-25/2328 Date : 24/01/2025

NOTICE INVITING TENDERS

Tenders are hereby invited from reputed & registered firms/agencies for "Supply, Installation & Commissioning of Apple Mac Studio" (Estimated Cost Rs. 10.00 Lakh , NIB No. 47/2024-25 ,UBN No. VMU2425GSOB00046). Further details may be obtained from **http://www.eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.rajasthan.gov.in** & **www.vmou.ac.in** w.e.f. 30/01/2025.

Raj.Samwad/C/24/10814 OIC P&S

Reg.No-2621-Y-25-02-2011 GSTIN: 05AAIAS5032P1ZZ

सलुम्बर क्रय विक्रय सहकारी समिति लि.सलुम्बर
जिला सलुम्बर राजस्थान

क्रमांक 11 दिनांक 25-01-2025

मिड-डे-मिल योजनान्तर्गत भारतीय खाद्य निगम/सी.डब्ल्यू.सी./आर.एस.डब्ल्युसी, व अन्य स्थान के गोदाम से उठाकर सलुम्बर जिले के सलुम्बर झल्लारा, सराडा, सेमारी, जयसमन्द और लसाडिया पंचायत ससिति के विद्यालयो में वितरण करने हेत निविदा वर्ष 2025-26 में राजकीय दरों मे कम या ज्यादा प्रतिशत राशि पर मोहरबन्द निविदा आमंत्रित की जाती हैं निविदा प्रपत्र कार्यालय समय में दिनांक 25/01/2025 से 06/02/2025 तक कार्यालय समय में 500 /-रुपये जमा कराकर प्राप्त किया जा सकता है। निविदा जमा कराने की दिनांक 06/02/2025 को दोपहर 2.00 बजे एवं उसी दिन दोपहर 3.00 बजे निविदाताओ के समक्ष सलुम्बर क्रय विक्रय सहकारी समिति में खोली जावेगी। विस्तृत निविदा शर्तें कार्यालय समय में देखी जा सकती है। निविदा स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार निविदा कमेटी में निहित होगा। निविदा बिना बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता के पास सुरक्षित है।

मुख्य प्रबन्धक
सलुम्बर क्रय विक्रय सहकारी समिति लि सलुम्बर

पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे डीडवाना जिले के दौरे पर रही

डीडवाना विधायक यूनुस खान के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने वसुंधरा राजे का अभिनंदन किया।

- राजे ने मकराना के पूर्व विधायक श्रीराम भींचर की पत्नी के निधन पर शोक जताया
- वसुंधरा राजे ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाजपा सरकार की उपलब्धियां बताई

डीडवाना, (निसं)। पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे शनिवार को डीडवाना जिले के दौरे पर रही। इस दौरान वे मकराना के बोरावड़ पहुंची, जहां पूर्व विधायक श्रीराम भींचर की पत्नी के निधन पर आयोजित शोक सभा में शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित की। हालांकि पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे का यह दौरा शोक संवेदना व्यक्त करने से जुड़ा था, लेकिन इस दौरे से वसुंधरा राजे ने डीडवाना जिले की सियासत को साधने का काम किया है।

इससे पूर्व वसुंधरा राजे ने खरनाल के सत्यवादी वीर तेजाजी मंदिर के दर्शन कर तेजाजी महाराज को नमन किया। इसके बाद वसुंधरा राजे डीडवाना विधानसभा के ग्राम छोटी खाटू पहुंची, जहां वसुंधरा राजे का स्वागत समारोह आयोजित हुआ। इस अवसर पर डीडवाना विधायक यूनुस खान के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने वसुंधरा राजे का अभिनंदन किया। वहीं विधायक यूनुस खान ने वसुंधरा राजे को चुनरी ओढ़ाई। इस दौरान राज्यमंत्री मंजू बाघमार, खींवसर विधायक रेवंतराम डांगा सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस कार्यक्रम में वसुंधरा राजे ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अपनी भाजपा सरकार की उपलब्धियों को गिनाया। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने डीडवाना और नागौर जिले सहित पूरे प्रदेश को विकास के पथ पर अग्रसर किया, जिस डीडवाना व नागौर जिले के लोग फ्लोराइड युक्त पानी पीने को मजबूर थे, उस नागौर को हमारी सरकार ने हिमालय का मीठा पानी पिलाया। पूरे प्रदेश में सड़कों का मजबूत नेटवर्क बनाकर प्रमुख शहरों के साथ ही गांव, ढाणियों को भी सड़कों से जोड़ा। हमारी सरकार ने आमजन को सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ पहुंचाने के लिए भामाशाह योजना चालू की। महिला सुरक्षा और किसान उत्थान के लिए कई योजनाएं लागू की।

इस अवसर पर वसुंधरा राजे ने कहा कि भाजपा ही राजस्थान का चहुंमुखी विकास कर सकती है। इसलिए जनता ने 2023 में विकास विरोधी व जनविरोधी कांग्रेस सरकार को बदलकर प्रदेश की कमान फिर से भाजपा को सौंप दी है। अब प्रदेश फिर से प्रगति के पथ पर अग्रसित होगा और किसान, युवा, महिला, मजदूर, छात्र, बेरोजगार हर वर्ग को सम्मान से जीवन-यापन करने का मौका मिलेगा।

राजस्थान कौशल एवं आजीविका विकास निगम
कौशल भवन, जे-8-बी, झालाना संस्थानिक क्षेत्र, जयपुर-302004 (राजस्थान)
फोन - 0141-5103246, 5103247 वेबसाइट - www.livelihoods.rajasthan.gov.in

क्रमांक :- आरएसएलडीसी/प्रशा./रिक्तियां/2024-25/राजकाज 13177997 दिनांक :- 23/01/2025

विज्ञप्ति

राजस्थान कौशल एवं आजीविका विकास निगम द्वारा राज्य के बेरोजगार युवाओं के कौशल प्रशिक्षण की परियोजना के क्रियान्वयन हेतु निम्नलिखित पदों पर राज्य सरकार/केन्द्र सरकार/सार्वजनिक उपक्रमों/बोर्ड/संघ के योग्य एवं अनुभवी अधिकारियों से विशेष चयन द्वारा प्रतिनियुक्ति हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं :-

क्र. सं.	पद का नाम	पद की ग्रेड पे/7th पे मेट्रिक्स लेवल	आवश्यक न्यूनतम ग्रेड पे/7th पे मेट्रिक्स लेवल	रिक्त पद
1.	महाप्रबन्धक	8200/L-20	7600/L-19	2
2.	उपमहाप्रबन्धक	7600/L-19	6600/L-16	1
3.	प्रबंधक	6600/L-16	5400/L-14	5

नोट :-
1. विस्तृत विज्ञप्ति, शर्तों एवं आवेदनपत्र का प्रारूप www.livelihoods.rajasthan.gov.in विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध है। रिक्त पदों की संख्या कम या अधिक भी हो सकती है। जिसके अनुसार प्राप्त आवेदनो में से चयन समिति द्वारा चयन किया जायेगा।
2. उपरोक्त सभी पद विशेष चयन से भरे जाने हैं।
3. विज्ञप्ति में दर्शाये गये पदो का पैनल तैयार किया जाएगा।
4. निगम द्वारा आवदेक के पैतृक विभाग (नियुक्ति अधिकारी) से अग्रेषित प्राप्त आवेदन पत्र पर ही विचार किया जाएगा।
5. एक आवेदक द्वारा अधिकतम दो पदों के लिए आवेदन किया जा सकता है।
6. आवेदन की अन्तिम तिथि 24.02.2025 है।
7. निजी प्रतिष्ठानों में कार्यरत कार्मिक कृपया आवेदन नहीं करें।

राज.संवाद/सी/24/10827 प्रबन्ध निदेशक